शेखावाटी मिशन-100

## अध्याय- 02 मानव बस्ती

1. आर्थिक वृद्धि के नोड के रूप में कार्य करते है-
   (1) गाँव (2) संचार
   (3) नगर (4) ये सभी (3)
2. निम्न में से ग्रामीण बस्ती का प्रकार है-
   (1) गुच्छित (2) अर्द्धगुच्छित
   (3) पल्लीकृत (4) ये सभी (4)
3. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत रहा-
   (1) 26.87 (2) 31.16
   (3) 28.78 (4) 29.87 (2)
4. ग्रामीण बस्तियां सम्बन्धित होती है-
   (1) प्राथमिक आर्थिक क्रियाओं से
   (2) द्वितीयक आर्थिक क्रियाओं से
   (3) तृतीयक आर्थिक क्रियाओं से
   (4) चतुर्थक आर्थिक क्रियाओं से (1)
5. 'नंगला' क्या है ?
   (1) गुच्छित बस्तियों का स्थानी नाम
   (2) पल्लीकृत बस्तियों का स्थानीय नाम
   (3) एक पोशाक
   (4) स्थान का नाम (2)
6. भारत की जनगणना के अनुसार निम्न में से कौनसी एक विशेषता नगर की परिभाषा का अंग नहीं है ?
   (1) जन घनत्व 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी
   (2) नगरपालिका, नगर-निगम का होना
   (3) 75 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या का प्राथमिक कार्यों से संलग्न होना
   (4) जनसंख्या आकार 5000 से अधिक (3)
7. आधुनिक उद्योगों पर आधारित नगरो का जन्म हुआ।
   (1) 1950 के बाद (2) 1850 के बाद
   (3) 1800 के बाद (4) 1900 के बाद (2)
8. भारत में नगरीय जनसंख्या की सर्वाधिक वृद्धि 46.14% किस सन् में दर्ज की गई ?
   (1) 1961 (2) 1971
   (3) 1981 (4) 1991 (3)

**रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-**

9. उपजाऊ जलोढ़ मैदान एवं उत्तरी पूर्वी राज्यों में पाए जाने वाले ग्रामीण बस्ती .................. है। (गुच्छित बस्तियां)
10. भारत की ग्रामीण बस्तियों को ............ प्रकारों में बांटा गया है। (चार)
11. नगर आर्थिक वृद्धि के ............. के रूप में कार्य करते है। (नोड)
12. उच्चतम क्रम में प्रशासनिक मुख्यालयों वाले शहरों को ........ नगर कहते है। (प्रशासन नगर)
13. किसी भी प्रकार और आकार के घरों का समूह जिनमें मानव निवास करते हैं ............ कहलाती है। (मानव बस्तियां)
14. ऐसे बड़े अधिवास जिनमें द्वितीयक क्रियाकलापों का विशिष्टीकरण मिलता है ................ बस्तियां कही जाती है। (नगरीय बस्तियां)
15. हिमालय की निचली घाटियों एवं निम्न गंगा के मैदान एवं छत्तीसगढ़ राज्य में ............ बस्तियां पाई जाती है (पल्ली बस्तियां)
16. भारत की .......... बस्तियों में पान्ना, पांडा, पाली, नंगला, ढाणी आदि इकाईयां पाई जाती है। (पल्लीकृत बस्तियां)
17. महानगरों के चारों ओर उससे सटे हुए विकसित नगर .............. कहलाते है। (अनुषंगी नगर)
18. नगरों की स्थापना सैन्य संबंधी कार्यों के संपादन हेतु .................. की जाती है। (गैरिसन अथवा छावनी)
19. सन 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत .......... रहा। (31.16%)
20. नैनीताल मसूरी शिमला माउंट आबू ............. नगर है। (पर्यटन)
21. 20वीं शताब्दी के दौरान नगरीय जनसंख्या .......... बढ़ी है। (11 गुना)
22. भौतिक रूप से एक-दूसरे से अनेक इकाइयों में बंट जाती है किन्तु उन सब का नाम एक ही रहता है। .............. कहलाती है। (पल्ली बस्तियाँ)
23. गुच्छित बस्तियाँ ................. ज्यामितीय आकृतियाँ प्रस्तुत करती है। (आयताकार, अरीय, रैखिक)

24. राजस्थान के जल अभाव क्षेत्रो में ........... या ............ बस्तियों को अनिवार्य बना दिया है। (गुच्छित/संहत)

25. .................. का विकास रजवाड़े व राज्यो के मुख्यालयों के रूप में हुआ है। उन्हें ................... भी कहते है। (मध्यकालीन नगर, किला नगर)

26. .................... भारत का सबसे बड़ा नगरीय संकुल है। (वृहत मुंबई)

**लघु उत्तरात्मक प्रश्न**

1. राजस्थान के किन्हीं दो महानगरीय शहरों के नाम लिखिए।

उत्तर- जयपुर, जोधपुर व कोटा

2. प्रशासनिक नगर किसे कहा जाता है ?

उत्तर- उच्च कार्यो के प्रशासनिक मुख्यालय प्रशासनिक नगर कहलाते है जैसे- राज्यों की राजधानियाँ

3. किन्हीं दो गैरीसन नगरों के उदाहरण दीजिए।

उत्तर- अम्बाला, जालन्धर, उद्यमपुर।

4. पल्ली बस्तियों के स्थानीय नाम लिखिए।

उत्तर- ढ़ाणी, पाली, पाड़ा, नगला, पान्ना

5. नगरीय बस्तियाँ किसे कहते है ?

उत्तर- ऐसे बड़े अधिवास जिनमें मुख्यतः द्वितीयक व तृतीयक क्रिया-कलाप किये जाते है, नगरीय बस्तियां कहलाती है।

6. ग्रामीण बस्तियों के प्रकार किसके आधार पर निर्धारित होते है ?

उत्तर- 1. उच्चावच 2. स्थलाकृति 3. जलवायु 4. जल की उपलब्धता

7. भारत में नगरों का अभ्युदय किस काल में हुआ ?

उत्तर- भारत में नगरों का अभ्युदय प्रागैतिहासिक काल में हुआ।

8. ग्रामीण बस्तियाँ कितने प्रकार की होती है ? नाम लिखिए।

उत्तर- ग्रामीण गस्तियों के चार प्रकार है-

1. गुच्छित 2. अर्द्धगुच्छित बस्तियाँ
3. पल्लीकृत बस्तियाँ 4. एकाकी बस्तियाँ

9. खनन नगर क्या है ? उदाहरण दीजिए।

उत्तर- ऐसे नगर जो खनिज समूह क्षेत्रों में विकसित हुए है, खनन नगर कहलाते है, जैसे- खेतड़ी, झरीया, रानीगंज, सिंहभूमि

10. गैरीसन नगर क्या होते है ?

उत्तर- ऐसे नगर जिनमें सैनिक छावनियाँ स्थित होती है, गैरीसन नगर कहलाते है।

11. गुच्छित बस्तियां किसे कहते है ?

उत्तर- घरों का एक सामूहिक अथवा संकुलित रूप से निर्मित क्षेत्र गुच्छित बस्ती कहलाता है। मध्य भारत के बुंदेलखंड क्षेत्र, नागालैंड तथा राजस्थान में इस प्रकार की बस्तियां प्रमुख रूप से मिलती है।

12. अर्द्धगुच्छित बस्तियों को समझाइए ?

उत्तर- ऐसी बस्ती किसी एकाकी बस्ती के सीमित क्षेत्र में गुच्छित होने के कारण निर्मित होती है। गुजरात के मैदान तथा राजस्थान के कुछ भागों में इस प्रकार की बस्तियां प्रमुखता से मिलती है।

13. विभिन्न युगों में विकास के आधार पर भारतीय नगरों को कितने भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है ?

उत्तर- तीन

1. प्राचीन नगर 2. मध्यकालीन नगर 3. आधुनिक नगर

14. प्राचीन नगरों एवं आधुनिक नगरों के कोई दो उदाहरण दीजिए ?

उत्तर- प्राचीन नगर- प्रयाग (इलाहाबाद), पाटलिपुत्र (पटना)
आधुनिक नगर-सूरत दमन गोवा।

15. महानगर किसे कहते है यह नगरीय संकुल से किस प्रकार भिन्न होते है ?

उत्तर- 10 लाख से 50 लाख तक की जनसंख्या वाले नगरों को महानगर कहा जाता है। जबकि कई महानगर एवं मेगा नगर मिलकर नगरीय संकुल बनाते है जिनमें जनसंख्या 50 लाख से अधिक होती है।

16. गुच्छित बस्तियों के कोई तीन लक्षण बताइए ?

उत्तर- 1. यह बस्तियां घरों के एक सहंत अथवा संकुलित रूप को प्रदर्शित करती है।

2. घरों का संकुलित निर्मित क्षेत्र तथा इनके मध्य में मिलने वाले रास्ते या गलियां आयताकार अरीय तथा रैखिक प्रारूप या आकृति प्रस्तुत करते है।

3. इस प्रकार प्रकार की बस्तियां प्रायः उपजाऊ जलोढ़ मैदानी भागों में मिलती है।

17. ग्रामीण बस्तियों के प्रकारों के लिए उत्तरदायी भौतिक लक्षण कौन-कौन से है ?

उत्तर- 1. उच्चावच 2. स्थलाकृति 3. जलवायु 4. जल की उपलब्धता।

18. ग्रामीण बस्तियों के प्रकारों के लिए कौन-कौन से सांस्कृतिक एवं मानवजातीय के कारक उत्तरदायी है ?

उत्तर- 1. सामाजिक संरचना 2. जाति 3. धर्म।

19. भारत में नगरीय बस्तियों के वर्गीकरण के क्या आधार है ?

उत्तर- 1. जनसंख्या का 5000 या इससे अधिक होना।

2. जनसंख्या घनत्व 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर।

3. कुल जनसंख्या में से 75% या इससे अधिक जनसंख्या का गैर कृषि कार्यो में संलग्न होना।

4. कोई नगर पालिका, नगर निगम, छावनी बोर्ड होना।

20. स्मार्ट सिटी मिशन क्या है ? समझाइए।

उत्तर- स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य शहरों को बढ़ावा देना है जो आधारभूत सुविधा, साफ तथा सतत् पर्यावरण और अपने नागरिकों को बेहतर जीवन प्रदान करते है। स्मार्ट शहरों की एक विशेषता आधारभूत सुविधाओं और सेवाओं के लिए स्मार्ट समाधानों को लागू करना है, जिससे क्षेत्र को प्राकृतिक आपदाओं के कम जोखिम वाले क्षेत्र के रूप में बनाया जा सके साथ ही साथ कम संसाधनों का उपयोग तथा सस्ती सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

21. निम्न को सुमेलित कीजिए-

उत्तर- 1. प्रशासनिक नगर- चण्डीगढ़
2. औद्योगिक नगर - भिलाई
3. शैक्षिक नगर - कोटा
4. पर्यटन नगर शिमला

शेखावाटी मिशन-100